मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-102
26/02/2021

मुख्यमंत्री ने संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को शुभकामनायें दीं

पटना, 26 फरवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को शुभकामनायें दीं हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि संत रविदास महान संत एवं अद्वितीय कवि थे, जिन्होंने सामाजिक एकता एवं मानवतावादी मूल्यों के संदेश को जन–जन तक पहुँचाया। संत रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं, जो समाज में एकता, भाईचारा एवं आपसी बंधुत्व की प्रेरणा देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी के उपदेशों एवं उनके आदर्शों को हर व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिये।

******